# <u>विश्व पर्यावरण दिवस, 2025</u>

राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस, 2025 के उपलक्ष पर केन्द्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशन में **"वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अन्त"** विषय वस्तु पर कई कार्यक्रम एवं कार्यशालाओं का आयोजन कर अभियाान चलाया गया।

इस अभियान के क्रम में दिनांक 01 जून, 2025 को नींदड के अरावली पहाडियों के जंगल में राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर के तत्वाधान में We Resolve के स्वयं सेवको द्वारा Clearning Arawali कार्यक्रम चलाकर स्थल से प्लास्टिक कचरे का एकत्रण किया गया। इस दौरान स्वयं सेवकों एवं बोर्ड के कार्मिक उपस्थित होकर कार्यक्रम में भाग लिया।



अभियान के अगले चरण में दिनांक 04 जून, 2025 को विद्याधर नगर के आंगनबाडी केन्द्र में महिलाओं, युवाओं को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को बताकर इसके उपयोग को बंद करने का आह्वान किया गया। साथ ही राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं युवाओं को कपडे का बैग वितरित किया गया।




दिनांक 05 जून, 2025 को राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जपयुर के तत्वाधान में लगभग 35 स्वयं सेवको द्वारा अमृता देवी उद्यान, जयपुर में प्लास्टिक कचरे का एकत्रण किया गया। इसके पश्चात एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमान मुकेश कुमार तिवाडी, मुख्य प्रबन्धक (तकनीकी) राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर द्वारा प्लास्टिक के खतरों एवं इसके जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताकर भविष्य में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलायी। इसके उपरांत सेवानिवृत्त श्री खेमराज सिंह जी ने बताया कि कैसे दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग से बचा जा सकता है। अंततः स्वयं सेवकों से प्रश्नोत्तरी कर कपडे के थैले वितरीत किये गये। इस कार्यक्रम में 35 स्वयं सेवक, 5 सहायक आचार्य एवं वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।


Latitude: 26°52'42"N
Longitude: 75°49'29"E
Elevation: 443.79±18.7 m
Accuracy: 2.1 m
Time: 06-05-2025 08:29
Note: jhalana
Powered by NoteCam


राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड
WORLD
ENVIRONMENT
Meri


राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड
WORLD
ENVIRONMENT

